

**Dr. Manoj Jain**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

काव्य क्लासेज
कर्मण्येव जयते

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
I[st] ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.
## MCQ QUESTIONS
## 13 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित
# काव्य क्लासेज®
मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 13 दिसंबर का इतिहास

- **1955 :** भारत और सोवियत संघ ने पंचशील प्रकाशन को स्वीकार किया।
- **1921 :** बनारस हिंदु विश्वविद्यालय का उद्घाटन प्रिंस ऑफ वेल्स ने किया था।
- **2001 :** दिल्ली स्थित भारतीय संसद में आतंकवादी हमला हुआ।
- **2004 :** इस्लामाबाद में भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु और सर क्रीक पर वार्ता प्रारंभ हुई।
- **1981 :** पोलैंड में सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा किया।

## 13 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- फिजी 15 से 17 फरवरी 2023 तक 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन की मेजबानी करेगा। 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन फिजी सरकार के सहयोग से भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। भारतीय नागरिकों के लिए पंजीकरण शुल्क 2000 रु. है। हिंदीः फ्रॉम ट्रेडिशनल नॉलेज टू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सम्मेलन का मुख्य विषय है। प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन 10 से 12 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित किया गया था।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक आधिकारिक आदेश जारी कर प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया एसोसिएशन को मंजूरी दे दी। यह देशभर में समाचार और समसामयिक मामलों के प्रकाशकों हेतु एक स्व-नियामक निकाय के रूप में कार्य करेगा। इसका उद्देश्य अपने प्लेटफार्मों पर डिजिटल मीडिया समाचार सामग्री से संबंधित शिकायतों की निगरानी करना है।
- वॉलमार्ट ग्लोबल सोर्सिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। नई दिल्ली में वॉलमार्ट वृद्धि विक्रेता शिखर सम्मेलन में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वॉलमार्ट वृद्धि सेलर समिट 20,000 एमएसएमई के रिकॉर्ड को प्राप्त करने वाला एक इवेंट है, जिन्होंने वॉलमार्ट वृद्धि सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, जिसमें स्वस्ति एक प्रोग्राम पार्टनर है।
- ऑक्सफोर्ड डिक्शनरीज ने बताया कि 2022 को एक शब्द में बयां करने के लिए हुए ऑनलाइन मतदान में लोगों ने गोब्लिन मोड को इस वर्ष का शब्द चुना है। गोब्लिन मोड की शब्दकोश की परिभाषा के अनुसार एक प्रकार का व्यवहार जिसमें बिना किसी अफसोस के आत्म-अनुग्रहशील, आलसी, मेला, या लालची रहा जाता है और आमतौर पर एक तरह से सामाजिक मानदंडों या अपेक्षाओं को अस्वीकार किया जाता है।
- वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक के.वी. सुरेश कुमार ने भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- दूरसंचार क्षेत्र के नियामक ट्राई ने एक आदेश में तय किया है कि आपदाओं के समय कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल के माध्यम से प्रसारित एसएमएस/संदेश पर कोई शुल्क नही लगाया जाएगा। सीएपी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो किसी विशेष क्षेत्र या क्षेत्र पर लक्षित एसएमएस या सेल प्रसारण को सक्षम बनाता है।
- इसरो लद्दाख के लिए स्थानिक डेटा इन्फ्रास्ट्रक्चर जियोपोर्टल जियो लद्दाख विकसित करने की योजना बना रहा है। लद्दाख सरकार ने स्थानितक डेटा इन्फ्रास्ट्रक्चर जियोपोर्टल जियो-लद्दाख विकसित करने के लिए भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान से संपर्क किया है। पोर्टल लद्दाख के लिए भू-स्थानिक डेटा विजुअलाइजेशन और एनालिटिक्स प्रदान करेगा। इसमें स्थानिक दर्शक, कार्बन न्यूट्रैलिटी, भू-स्थानिक उपयोगिता मानचित्रण और भू-पर्यटन शामिल हैं। परियोजना का मुख्य उद्देश्य लद्दाख के अधिकारियों को भू-स्थानिक तकनीकों और एप्लीकेशन पर प्रशिक्षण देना है।
- ईयर इन सर्च 2022 शीर्षक वाली गूगल की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष ट्रेंडिंग विषय बना रहा। इसके बाद कोविन एक सरकारी वेब पोर्टल है जो कोविड-19 टीकों के लिए पंजीकरण और नियुक्तियों की सुविधा प्रदान करना है और डिजिटल वैक्सीन प्रमाणपत्र जारी करता है।
- अमेरिका ने आखिरकार न्यूक्लियर बमवर्षक बी-21 रेडर विमान को लॉन्च किया है। करीब कई वर्षो से अमेरिका गोपनीय तरीके से इस विमान को विकसित करने में लगा था। यह विमान राफेल से भी तेज बताया जा रहा है। राफेल पांचवें जेनरेशन का लड़ाकू विमान है, जबकि बी-21 रेडर छठे जेनरेशन का है।
- नवंबर 2022 में भारत का कुल कोयला उत्पादन 11.66 प्रतिशत बढ़कर 75.87 मिलियन टन हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 67.94 मिलियन टन दर्ज किया गया था। कोयला मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2022 में कोल इंडिया लिमिटेड ने 12.82 फीसदी की वृद्धि दर्ज की, जबकि सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड ओर अन्य कैप्टिव खदानों ने क्रमशः 7.8 फीसदी और 6.87 फीसदी की वृद्धि दर्ज की।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. कौनसी भारतीय अभिनेत्री फाइनल्स के दौरान फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी से पर्दा उठाने वाली पहली ग्लोबल एक्टर बन जाएगी ?**

(A) प्रियंका चोपड़ा (B) दीपिका पादुकोण
(C) अनुष्का शर्मा (D) लिसा रे

**(B)** दीपिका पादुकोण फाइनल्स के दौरान फीफा वर्ल्ड कप ट्राफी से पर्दा उठाने वाली पहली ग्लोबल एक्टर बन जाएगी। इस बार कतर फीफा विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। दीपिका फीफा विश्व विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण करने कतर जाएंगी। दीपिका पादुकोण अब फाइनल्स के दौरान फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी से पर्दा उठाने वाली पहली ग्लोबल एक्टर बन जाएगी।



**2. हाल ही में केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने नई दिल्ली में 2030 तक 500GW RE क्षमता से अधिक के एकीकरण के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम योजना का शुभारंभ कहा किया?**

(A) नई दिल्ली (B) हिमाचल प्रदेश
(C) जम्मू-कश्मीर (D) आंध्रप्रदेश

**(A)** विद्युत मंत्रालय ने 2030 तक 500GW नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लिए आवश्यक पारेषण प्रणाली की योजना बनाने के लिए केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। समिति ने एक विस्तृत योजना तैयार की जिसके अनुसार लक्ष्य प्राप्त करने के लिए 2.44 लाख करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से 8120 सीकेएम हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट ट्रांसमिशन कॉरिडोर, 765 केवी एसी लाइनों के 25,960 सीकेएम, 400 केवी लाइनों के 15,758 सीकेएम और 220 केवी केबल के 1052 सीकेएम की आवश्यकता होगी।



**3. हाल ही में किस राज्य सरकार ने दिव्यांग लोगों के लिए नया विभाग बनाने की घोषणा की है ?**

(A) कर्नाटक (B) तेलंगाना
(C) ओडिशा (D) महाराष्ट्र

**(D)** महाराष्ट्र सरकार ने दिव्यांग लोगों के लिए नया विभाग बनाने की घोषणा की है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य में दिव्यांगों के कल्याण के लिए अलग से दिव्यांग विभाग का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए 1143 करोड़ रूपये की राशि आवंटित की जाएगी।



**4. फोर्ब्स एशिया के सबसे उदार परोपकारी लोगों की लिस्ट में गौतम अडानी सहित कितने भारतीयों को शामिल किया है ?**

(A) 1 (B) 2
(C) 4 (D) 6

**(B)** फोर्ब्स ने एशिया के सबसे बड़े दानवीरों की लिस्ट में एशिया के सबसे अमीर शख्स और अडानी ग्रुप के प्रमुख गौतम अडानी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शिव नादर और हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज के अशोक सूता को शामिल किया है। फोर्ब्स एशिया हीरोज ऑफ फिलैंथरोपी की 16वीं लिस्ट हाल ही में जारी हुई।



**5. हाल ही में भारत के 77वें ग्रैंडमास्टर कौन बने है ?**

(A) आदित्य मित्तल (B) हर्षित राजा
(C) संकल्प गुप्ता (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** आदित्य मित्तल स्पेन में चल रहे एक टूर्नामेंट के दौरान भारत के 77वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने। मुंबई के सोलह वर्षीय खिलाड़ी ने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए जरूरी तीन मानदंड पहले ही हासिल कर लिये थे और स्पेन में चल रहे एलोब्रेगेट ओपन टूर्नामेंट के छठे दौर के दौरान उन्होंने 2500 ईएलओ अंक का आंकड़ा पार कर लिया।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित
काव्य क्लासेज

**6. राज्य सभा के नए सभापति कौन बने ?**

(A) पीयुष गोयल (B) जगदीप धनखड़
(C) वीरेंद्र कुमार (D) गिरिराज सिंह

**(B)** जगदीप धनखंड को राज्यसभा के सभापति के रूप में नियुक्त किया गया है। साथ ही संसद का शीतकालीन सत्र भी शुरू हो रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भरोसा जताया है कि नए सभापति जगदीप धनखड़ के नेतृत्व में राज्यसभा नई ऊंचाई हासिल करेगी।



**7. हाल ही में नाबार्ड के नए अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ?**

(A) शाजी केवी (B) गोपाल विट्ठल
(C) विनीत कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** के वी शाजी को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने पूर्व में 21 मई 2020 तक नाबार्ड के उप प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया। वह अहमदाबाद में भारतीय प्रबंधन संस्थान से सार्वजनिक नीति में PGDM के साथ कृषि स्नातक है।




**8. हाल ही में उत्तर राज्य सरकार ने 2022-23 के लिए करीब कितने करोड़ रूपये का अनुपूरक बजट पेश किया ?**

(A) 16 हजार करोड़ (B) 27 हजार करोड़
(C) 34 हजार करोड़ (D) 42 हजार करोड़

**(C)** संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने 33,769 करोड़ रूपये के पूरक अनुदान की मांग रखी। इसमें 13,756 करोड़ रूपये का राजस्व खाता और 20,012 करोड़ रूपये का पूंजी खाता शामिल है। सरकार ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के लिए 200 करोड़ रूपये और स्टार्ट-अप और इन्क्यूबेटरों के लिए 100 करोड़ रूपये का प्रस्ताव रखा है।



**9. मिट्टी को बचाने के लिए ईशा फाउंडेशन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला देश का दूसरा राज्य बना है ?**

(A) राजस्थान (B) गुजरात
(C) तेलंगाना (D) उत्तर प्रदेश

**(A)** मिट्टी को बचाने के लिए ईशा फाउंडेशन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला राजस्थान गुजरात के बाद दूसरा राज्य बना है। जेईसीसी में आयोजित मिट्टी बचाओ कार्यक्रम में कृषि मंत्री लालचंद कटारिया व ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सदुरू जग्गी वासुदेव सदगुरू ने किसान व मिट्टी के अनुकूल कृषि नीतियां बनाकर राज्य की मिट्टी को बचाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।




**10. राजस्व आसूचना निदेशालय किस मंत्रालय के अधीन कार्य करता है ?**

(A) वित मंत्रालय (B) गृह मंत्रालय
(C) रक्षा मंत्रालय (D) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

**(A)** हाल ही में वित मंत्री ने राजस्व आसूचना निदेशालय के अधिकारियों को मादक पदार्थ से जुड़े लोगों पर कार्रवाई में तेजी लाने को कहा है। राजस्व आसूचना निदेशालय भारत की सर्वोच्च तस्करी विरोधी एजेंसी है। यह वित मंत्रालय के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के तहत काम करता है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज